ये अव्यक्त इशारे

जमा का खाता बढ़ाओ, बचत की स्कीम बनाओ

4-03-2023

जमा का खाता बहुत सहज बढ़ाने की गोल्डन चाबी है -सेवा करने के समय अपने अन्दर निमित्त भाव की स्मृति और निर्मान भाव, शुभ भाव, आत्मिक स्नेह का भाव हो। अगर इस भाव की स्थिति में स्थित होकर सेवा करते हो तो सहज इससे आत्माओं की भावनायें पूर्ण हो जाती हैं।

गुल्जार दादी जी द्वारा उच्चारित अनमोल रत्न-

कुछ भी करो लेकिन व्यर्थ संकल्पों को स्टॉप करो क्योंकि यही योग में बहुत डिस्टर्ब करते हैं। बाबा कहता है जो मैं जिस दिन कहता हूँ, उस ताजे माल में ताकत होती है, उसी दिन आप प्रैक्टिकल करो तो आपको हिम्मत भी मिलेगी, बाबा की मदद भी मिलेगी। बांसी खाना खाने से तो बीमारी ही आयेगी।